भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

रामपुर, **06** अप्रैल: भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने काँग्रेस पर करारा हमला करते हुये कहा है की "श्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रविरोधियों, भ्रष्टाचारियो, आतंकवादियो के लिए "यमराज" हैं तो भारत के लोगो के "सरताज" हैं,,

श्री नक़वी ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा की काँग्रेस के इस बयान से सहमत हूँ की नरेंद्र मोदी यमराज हैं, क्योंकि उन्हे मालूम है की भ्रष्टाचारियो, घोटालेबाजो, राष्ट्रविरोधियों, जिनकी काँग्रेस संरक्षक बनी हुयी है, भाजपा-नरेंद्र मोदी के आने से उनका क्या हाल होगा इसी भय और बौखलाहट में काँग्रेस ऐसे बयान दे रही है।

श्री नक़वी ने कहा की काँग्रेस को अच्छी तरह से मालूम है कि "बेईमानों की बारात का बैंड बाजा,, देश कि जनता बजाने जा रही है। चुनाव जब भी हो काँग्रेस के "बेईमानों की बारात की विदाई,, तय है। भाजपा की केंद्र में बनने वाली सरकार जनधन के लूट के लूटेरों से सूद ब्याज के साथ हिसाब किताब करेगी।

श्री नक़वी ने कहा कि एक औद्योगिक संगठन के मंच पर श्री राहुल गांधी का भाषण "किसी चंगाई कार्यक्रम में पादरी के मंच पर घूम-घूम कर दिये जाने वाले उपदेश जैसा था,, जिसमे सपने भी दिखाये जा रहे थे और देश कि बीमारी को ठीक करने का खोखला वादा भी किया जा रहा था। यह सब "भ्रष्टराज के युवराज,, का नीरस, नाकाम उद्बोधन था। यदि श्री राहुल गांधी देश कि व्यवस्था से इतने निराश हैं तो उन्हे "पादरी कि तरह चंगाई,, कार्यक्रम के बजाय मम्मी जी के घर से निकल कर मनमोहन जी के घर तक पद यात्रा कर लेते तो उन्हे देश की समस्या की जड़ समझ में आ जाती।

श्री नक़वी ने कहा की राहुल गांधी और मनमोहन सिंह दोनों कह रहे हैं कि वह प्रधानमंत्री कि रेस में नहीं हैं उन्हे मालूम है कि उनकी भ्रष्टाचार–घोटालों और नाकामियों की सरकार आखिरी साँसे ले रही है इनके बयान "अंगूर खट्टे हैं" कि कहावत को चरितार्थ करते हैं।

श्री नक़वी ने कहा की देश में 'बदलाव के बादल, साफ दिखाई दे रहे है। भाजपा का स्वागत करने के लिए जनता तैयार है। देश कि दिशा और दशा कौन बदलेगा इसका भी चेहरा लोगो के दिल और दिमाग में साफ हो चुका है। भाजपा देश के सामने एक मात्र विकल्प है।

श्री नक़वी ने कहा की भाजपा के कंधो पर भारत के भविष्य की ज़िम्मेदारी है। पार्टी की तरफ देश बड़े विश्वास और उम्मीद से देख रहा है। समाज के आखिरी आदमी के चेहरे पर मुस्कान और आंखो में चमक लौटे यह हमारा लक्ष्य भी है और संकल्प भी। हमारा संकल्प सिर्फ सरकार बदलना नहीं बल्कि देश की तस्वीर और तकदीर भी बदलना है।

श्री नक़वी ने कहा की आज काँग्रेस के कुशासन के कुनबे ने पूरी दुनिया में देश की छवि खराब की है, भ्रष्टाचार घोटालों के चलते, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ी है अर्थव्यवस्था सबसे नीचे के पायदान पर खड़ी हो गई है।

श्री नक़वी ने कहा की सभी कार्यकर्ता "सुशासन संकल्प–भाजपा विकल्प,, के विश्वास के साथ गाँव गाँव तक पहुंचे–समाज के सभी वर्गो में विश्वास कायम करें। उन वर्गों के बीच भी हमें जाना चाहिए जिनके दिलों में हमारे राजनैतिक विरोधियो ने गलतफहमियाँ पैदा कर रखी हैं।

रवि प्रकाश मिश्रा